<u>foKfIr ik:i</u>

<u>i:[kM lk/ku lsoh ,o ldqy lkl/ku dUnz leUo;d d p;u grq vkuykbu vkonu lc/kh lpuk</u>

राज्य के सभी प्रखंड संसाधन केन्द्रों के लिए प्रति प्रखंड तीन प्रखंड साधन सेवी एवं सभी संकुल संसाधन केन्द्रों के लिए प्रति संकुल एक संकुल संसाधन केन्द्र समन्वयक के चयन हेतु राज्य के सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक, जो निर्धारित अर्हता रखते हों, से दिनांक 15.01.2018 से 14.02.2018 तक की अवधि में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

1. "BRP/CRCC के चयन, कार्य एवं दायित्व से संबंधित मार्गदर्शिका 2017" की प्रति परिषद् के वेबसाईट www.bepcssa.in पर देखा जा सकता है। मार्गदर्शिका में निर्धारित अर्हता के अनुरूप योग्यताधारी इच्छुक शिक्षक अपने प्रखंड/संकुल संसाधन केन्द्र के BRP/CRCC पद पर चयन हेतु अपना आवेदन निर्धारित समय अवधि में मात्र ऑनलाइन माध्यम से कर सकते हैं।
2. BRP एवं CRCC दोनो पद हेतु आवेदन अलग–अलग देना होगा।
3. <u>vkuykbu vkonu djus dh izfØ;k&</u> आवेदन करने के लिए http://serorg.cloudapp.net/bepc लिंक पर क्लिक करें। क्लिक करने पर एक पेज खुलेगा जिसमें जिला, प्रखंड, Apply For (BRP/CRCC), Subject/CRCC SELECT करें, तत्पश्चात अपने पदस्थापित विद्यालय का चयन करते हुए अपना नाम, मोबाईल न0 दर्ज करें। आपके द्वारा दर्ज किये गये मोबाईल पर SMS के माध्यम से OTP भेजा जाएगा। OTP को Entry करके Login Button पर क्लिक करें। Login Button पर क्लिक करते ही Step 1 का पेज खुलेगा, इसको भरकर Save and Continue पर क्लिक कर Step 2, 3 एवं 4 का पेज खोलकर आधार नम्बर सहित ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया पूरी करें। पूर्ण रूपेण आवेदन भरने के उपरान्त आवेदन का Preview देखकर त्रुटि यदि हो, तो त्रुटि सुधार करके प्रिन्ट बटन पर क्लिक कर भरे हुए Form को Print कर अपने पास सुरक्षित रख लें। SMS के माध्यम से आवेदक को Application ID भेजा जाएगा।
4. मार्गदर्शिका में विहित प्रक्रिया के अनुसार औपबंधिक मेधा सूची का प्रकाशन दिनांक 05.03.2018 से दिनांक 09.03.2018 की अवधि में सभी BRC के सूचनापट्ट पर किया जाएगा। साथ ही, सूची परिषद् के Website पर अवलोकनार्थ उपलब्ध रहेगी।
5. औपबंधिक सूची पर दिनांक 10.03.2018 से दिनांक 25.03.2018 की अवधि में ऑनलाइन आपत्ति प्राप्त की जाएगी। आवेदक खुद के संबंध में आपत्ति http://serorg.cloudapp.net/bepc लिंक पर क्लिक कर अपना Application ID डालने के बाद दर्ज कर सकते हैं।
6. इसके अतिरिक्त औपबंधिक मेधा सूची पर सामान्य आपत्ति अन्य अभ्यर्थी/शिक्षक द्वारा भी जिला चयन समिति को दी जा सकती है, जिसे जिला चयन समिति द्वारा नियमानुसार निराकरण कर औपबंधिक मेधा सूची में यथावश्यक संशोधन किया जाएगा।
7. सभी आपत्तियों का निराकरण जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा 02.04.2018 से दिनांक 15.04.2018 की अवधि में किया जाएगा। इसे ऑनलाइन करने हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE&SSA) को One time पासवर्ड दिया जाएगा।
8. आपत्ति निराकरण के उपरान्त दिनांक 30.04.2018 तक अंतिम मेधा सूची का प्रकाशन BRC के सूचनापट्ट पर किया जाएगा। मेधा सूची की वैधता दो वर्षों के लिए होगी।
9. दिनांक 01.05.2018 से दिनांक 05.05.2018 की अवधि में मेधा सूची के अनुसार रिक्ति के विरूद्ध शिक्षकों को आंमत्रित कर प्रमाण पत्र सत्यापन एवं दिनांक 06.05.2018. से दिनांक 20.05.2018 की अवधि में कार्यादेश निर्गत करने की कार्रवाई जिला चयन समिति द्वारा पूर्ण की जाएगी।
10. जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE&SSA) द्वारा योगदान करने वाले नवचयनित BRP/CRCC के लिए दिनांक 01–15 जून 2018 की अवधि में पाँच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन कराया जायेगा।

राज्य परियोजना निदेशक,
बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्